पेंशन विभाग, कोष कार्यालय का कम्प्यूटर ऑपरेटर 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

पूर्व में कम्प्यूटर ऑपरेटर ने पेंशन के एरियर पास करने की एवज में 90 हजार रूपये मांगे थे

डूंगरपुर, (निसं)। सोमवार को डूंगरपुर में पेंशन विभाग में पदस्थापित गोविन्द गाठिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर को एसीबी उदयपुर की टीम द्वारा कार्रवाई कर 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुऐ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो चौकी उदयपुर पर उपस्थित होकर बताया कि मैं वन विभाग उदयपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्य करता हूं। मेरे पिताजी वन विभाग में कैटल गार्ड थे, जिनकी मृत्यु 17 अगस्त 2017 को हो गई थी। मेरे पिताजी की मृत्यु के बाद उनके स्थान पर मुझे वन विभाग उदयपुर में अनुकम्पात्मक नियुक्ति मिली थी। मेरे पिताजी की वर्ष 2017 से लगातार पेंशन आ रही थी। मेरे पिताजी की पैंशन का लगभग 2 लाख 59 हजार रूपये का एरियर बना था, जिसको पास करवाने के लिये मैं और मेरी माताजी माह अप्रेल 2025 में दोनों पैंशन विभाग डूंगरपुर गये थे, जहां हमें गोविन्द गाठिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर मिला था, जिससे हमने पिताजी की पेंशन के एरियर के रूपये पास करने की बात कही तो उसने हमसे पेंशन के एरियर के रूपये पास करने की एवज में 90 हजार रूपये की मांग की थी। इसके बाद उसने मुझे काफी बार फोन किया था और रूपयों की मांग की पर मैंने उसे रिश्वत के रूपये देने से मना कर दिया। इसके बाद मेरी माताजी के बैंक खाते में एरियर के रूपये आ गये परन्तु मई 2025 से मेरी माताजी के बैंक खाते में मेरे पिताजी की पेंशन आनी बन्द हो गई।

कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविन्द गाठिया।

इस पर मैंने और मेरी माताजी ने फिर गोविन्द गाठिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पेंशन विभाग, डूंगरपुर से सम्पर्क किया और मेरे पिताजी की पैंशन बन्द करने का कारण पूछा तो गोविन्द गाठिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर ने हमसे फिर टुकड़ों में तीस-तीस हजार रूपये रिश्वत के रूपये देने की मांग की और नहीं देने पर फिर से पेंशन शुरू करने के लिये मना कर दिया। मैंने 2 जून 2025 को मेरी माताजी का जीवित प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन प्रस्तुत कर दिया। इसके बाद मैं पुन: डूंगरपुर जाकर गोविन्द कुमार गाठिया से मिला तो उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वाले रूपये दे देते तो पेंशन बन्द नहीं होती अब अगर पेंशन चालू करवानी है तो टुकड़ों टुकडों में तीस-तीस हजार रूपये देने पड़ेंगे।

- बाद में कम्प्यूटर ऑपरेटर ने परिवादी की माताजी की बंद पेंशन शुरु करने की एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी
- आरोपी के डूंगरपुर स्थित मकान की तलाशी के साथ-साथ आरोपी से विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है

परिवादी द्वारा दी गई रिपोर्ट का अनन्त कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर द्वारा सत्यापन करवाया गया जिसमें गोविन्द गाठिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पेंशन विभाग, कोष कार्यालय, डूंगरपुर द्वारा की जा रही मांग की पुष्टि हुई जिसके पश्चात् प्रहलाद कृष्णिया, उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर रेंज, उदयपुर के पर्यवेक्षण में नरपत सिंह, पुलिस निरीक्षक मय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चौकी उदयपुर की टीम द्वारा ट्रेप कार्रवाई करते हुए गोविन्द गाठिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पेंशन विभाग, कोष कार्यालय, डूंगरपुर को कोष कार्यालय, डूंगरपुर में स्वयं के कार्यालय कक्ष में परिवादी से 20 हजार रूपये की रिश्वत की राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के डूंगरपुर स्थित मकान की तलाशी के साथ-साथ आरोपी से विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है।

50 लाख की अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

शराब की पेटियों को ट्रक में चावलों के भूसे से भरी बोरियों की आड़ में छिपाकर ले जा रहे थे

कनवास पुलिस टीम ने 382 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

कोटा, (निसं)। अवैध शराब के विरूद्ध कोटा ग्रामीण की कनवास पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से पंजाब निर्मित 382 पेटी अवैध अंग्रजी शराब सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई में जब्त की गई अंग्रेजी शराब की कीमत अन्तर्राज्यीय बाजार में करीब 50 लाख रूपये बताई गई है। तस्कर शराब की पेटियों को ट्रक में चावलों के भुसे से भरी बोरियों की आढ में छिपाकर तस्करी के लिये ले जा रहे थे।

- पंजाब निर्मित 382 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की पकड़ी, कोटा ग्रामीण कनवास पुलिस टीम ने कार्रवाई की

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध शराब के विरूद्ध एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीना के निर्देशन में वृताधिकारी वृत सांगोद बाबूलाल के सुपरविजन में कनवास थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी श्यामाराम के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि टीम ने अवैध शराब की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक ट्रक की तलाशी के दौरान ट्रक से पंजाब निर्मित 382 पेटी अवैध अंग्रजी शराब की बरामद की।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि जब्त की गई अंग्रेजी शराब की कीमत अन्तर्राज्यीय बाजार में करीब 50 लाख रूपये है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए साउथ वेस्ट दिल्ली के छावला निवासी धर्मेन्द्र (44) एवं ताजपुर खुर्द निवासी नरेन्द्र (31) को किया है। पकड़े गये तस्करों से अनुसंधान जारी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जोधपुर पहुंचे

जोधपुर, (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जोधपुर पहुंचे। वे पांच से सात सितंबर तक अखिल भारतीय समन्वय बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में हिस्सा लेने के लिए आरएसएस के सरकार्यवाह व अन्य पदाधिकारी भी मंगलवार से जोधपुर पहुंचना शुरू होंगे। डॉ. भागवत नौ सितंबर की सुबह तक लालसागर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में प्रवास करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक पांच से सितंबर को जोधपुर के लालसागर क्षेत्र में स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगी। यह बैठक हर साल होती है। पिछले साल सितंबर में यह

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक पांच से

पालक्काड़ (केरल) में हुई थी। इस बैठक में संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के चयनित पदाधिकारी सहभागी होते हैं। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, सीआर मुकुंद (केसी मुकुंद), अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार व अन्य प्रमुख पदाधिकारी, भाजपा से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा संघ विचारधारा वाले संगठनों में राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ सहित 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी बैठक में हिस्सा लेंगे।

संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के अनुसार बैठक में सभी संगठन कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों के आधार पर परिस्थितियों का आकलन प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रीय एकात्मता, सुरक्षा एवं सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक में व्यापक चर्चा और करणीय कार्यों में परस्पर समन्वय स्थापित करने के लिए आवश्यक कदमों की पहल होती है। हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं पर सामूहिक समीक्षात्मक विश्लेषण भी किया जाएगा।

बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं को भी प्रस्तुत करेंगे। संघ शताब्दी के कार्यक्रमों में सभी संगठनों की सहभागिता पर भी विचार-विमर्श अपेक्षित है। शताब्दी वर्ष के निमित्त संघ ने समाज के समक्ष पंच परिवर्तन का विचार रखा है, जिसमें राष्ट्र निर्माण, सेवा गतिविधियों और सामाजिक एकता के कार्यक्रम शामिल हैं।

शांतिभंग में युवतियां व युवक गिरफ्तार

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। किशनगढ़ सिटी थाना पुलिस ने नट की ढाणी बड़गांव में दबीश देकर अवांछनीय हरकतें करने के साथ आपस में लड़ाई-झगड़ा करने के आरोप में 5 युवतियों सहित पंद्रह जनों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार वेश्यावृति के लिये चर्चित डेरों में कार्रवाई होने पर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। थाना इंचार्ज भीखाराम काला ने बताया कि गश्त के दौरान इत्तला मिली कि नटों की ढाणी बड़गांव में युवक-युवतियां आपस में शोर शराबा कर उत्पात मचा रहे हैं। इत्तला के आधार पर मौके पर दबिश देकर आरोपियों को धरदबोचा। पुलिस ने सभी आरोपियों को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

डीडवाना में श्री गोपाल गौशाला में अज्ञात कारणों से दर्जनों गौवंश की मौत

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना जिला मुख्यालय स्थित श्री गोपाल गौशाला में अज्ञात कारणों से गौवंश की मौत का मामला सामने आया है। गौशाला में अब तक 30 गौवंश की अकाल मौत हो चुकी है, वहीं कई गौवंश की हालत भी बेहद नाजुक है। हैरत की बात तो यह है कि गौशाला प्रबंधन द्वारा गौवंश की मौत का कारण जाने बिना ही मृत गायों को खेत में ही गड्ढा खोदकर दफन किया गया। ऐसी स्थिति में गोशाला प्रबंधक और उनकी टीम पर सवालिया निशान लग रहा है।

- गौशाला प्रबंधन की ओर से खेत में ही गड्ढा खोदकर गायों को दफन किया जा रहा है
- सूचना पर पशुपालन विभाग के प्रभारी डॉ. महेंद्र काला के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और जांच की

जानकारी के अनुसार गौपाल गौशाला शहर से बाहर सालासर रोड पर हाइवे पर स्थित है। इसकी वजह से गौवंश की मौत का लोगों को पता नहीं चल पाया, लेकिन मृत गौवंश की आसपास के क्षेत्र में बदबू फैली, तब लोगों को गौवंश की मौत का पता चला। इसके बाद आसपास के लोगों ने गौशाला में जाकर देखा, तो खेत में जगह जगह गाय बछड़ा और नंदी मरे पड़े मिले। वहीं कई गौवंश को अलग अलग जगह गड्ढे खोदकर दफन कर दिया गया। हालांकि मौत के कारण अब तक अज्ञात है। चर्चा है कि गायों में मौत की वजह कोई अज्ञात बीमारी है या भूख की वजह से गाएं मर रही है। गौवंश की मौत की सूचना पर पशुपालन विभाग के प्रभारी डॉ. महेंद्र काला के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। मामले में पशुपालन विभाग द्वारा एक टीम का गठन किया गया है, जो मृत गायों का पोस्टमार्टम कर उनकी मौत की जांच करेगी। पशुपालन विभाग के अनुसार मौके पर तीस से ज्यादा गौवंश के मृत शव को गौशाला में उनका सही तरीके से निस्तारण करवाया गया है।

गौशाला में सरकार द्वारा लाखों की राशि में अनुदान भी दिया जाता है। वहीं गौशाला को लाखों रुपयों का चंदा भी मिलता है। इसके बावजूद गौवंश की सही ढंग से सार सम्भाल नहीं होने से गौवंश अकाल मौत के आगोश में समा रहे हैं।

भारी बारिश से बड़ी हरणी तालाब ओवरफ्लो

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के निकटवर्ती बड़ी हरणी गांव का तालाब लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ओवरफ्लो हो गया। पानी की लगातार आवक के चलते आसपास के खेतों में पानी भर गया है। तालाब ओवरफ्लो होने से किसानों की करीब 20 बीघा जमीन में खड़ी फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई हैं। भगवती प्रसाद शर्मा, दुर्गा लाल ढोली, किशन जाट समेत कई किसान इस आपदा से प्रभावित हुए हैं।

किसानों का कहना है कि उनकी मक्का, ज्वार और अन्य खरीफ की फसलें पूरी तरह से पानी में डूब चुकी हैं। पानी के लंबे समय तक खेतों में भरे रहने से फसलें सड़ने लगेंगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। मक्का और ज्वार की फसलें पानी में पूरी तरह से डूब गई हैं। अगर जल्द ही पानी नहीं निकला तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे और नुकसान का आकलन करने की मांग की है। हालांकि, पानी का बहाव इतना तेज है कि फसलों के बचाव कार्य शुरू करना भी मुश्किल हो रहा है। फिलहाल, किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

लगातार हो रही बारिश से देरांठू-नसीराबाद मार्ग फिर बंद हुआ

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ा दी हैं। देरांठू से नसीराबाद जाने वाला मुख्य मार्ग बारिश के पानी में डूब जाने से पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इससे ग्रामीणों को मजबूरन कोटा बाइपास होकर आना-जाना पड़ रहा है।

- बरसात से खेतों में फसलें चौपट, मेला स्थल जलमग्न

बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने से फसलें गलकर पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। किसानों की मेहनत और लाखों रुपये की लागत डूब जाने से गांवों में मायूसी छा गई है। वहीं, क्षेत्र के सभी तालाब और नाड़ियां लबालब भरकर ओवरफ्लो हो रहे हैं। राताखेड़ा तालाब की चादर वर्षों बाद चलने लगी है, जिसका पानी देरांठू रपट पर आने से मार्ग बंद हो गया है।

पानी निकासी मार्गों पर अतिक्रमण होने से हालात और बिगड़ गए हैं। देरांठू के सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन और दुकानों के सामने से लेकर गलियों तक पानी भरा हुआ है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि आज लगने वाले रामदेव जी महाराज मेले में भी दुकानदार और झूला संचालक परेशान हो गए। मेला स्थल पर दो-दो फीट पानी भर जाने से श्रद्धालुओं और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटाकर जल निकासी की व्यवस्था की जाए ताकि हर साल बारिश के दौरान आने वाली इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

मेला स्थल पर दो-दो फीट पानी भर जाने से श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार

बीकानेर, (निसं)। खाजूवाला में पुलिस ने मध्यप्रदेश के हथियार तस्कर शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से पुलिस को दो पिस्टल और चार मैगजीन बरामद हुई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम ने खाजूवाला पुलिस के साथ मिलकर की है।

खाजूवाला थानाधिकारी सुरेंद्र प्रजापत ने बताया कि दो पिस्टल और चार मैगजीन बरामद किए गए हैं। डीएसटी व खाजूवाला पुलिस ने मिलकर छापेमारी की है। जिसमें शिवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान उससे दो पिस्टल बरामद हुई। शिवा बीकानेर के बज्जू थाने का हिस्ट्रीशीटर के साथ मिलकर हथियार सप्लाई का काम करता है। साल 2024 में 12 हथियार और 40 राउंड के साथ बीकानेर पुलिस ने श्रवण सोडा को भी पकड़ा था।

- महज 19 और 22 साल के दो लड़कों से दो पिस्टल और चार मैगजीन बरामद

पुलिस ने शिवा के साथ ही समीर नामक एक युवक को भी दबोचा है। उससे भी पिस्टल और मैगजीन बरामद किए गए हैं। महज 19 साल का समीर खाजूवाला के वार्ड संख्या तीन का रहने वाला है। बीकानेर की साइबर पुलिस पिछले कई दिनों से इन युवकों के पीछे लगी हुई थी। साइबर पुलिस के एएसआई दीपक कुमार यादव की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों को दबोचा। इन दोनों ने सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से चैट की है। जिसमें हथियारों के बारे में चर्चा की गई। इसके बाद से दोनों पुलिस के रडार पर थे।

नदी में फंसे बुजुर्ग को बचाया

पाली, (नि.सं.)। चण्डावल पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम सांडिया के समीप गुड़िया नदी के बीचों बीच एक व्यक्ति के फंसे होने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ ने छह घंटे की मशकत के बाद 65 वर्ष बुजुर्ग भंवरसिंह को जीवित बचा लिया। एसडीआरएफ कंट्रोल रूम कमाण्डेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से पुलिस थाना चण्डावल के अंतर्गत ग्राम सांडिया के समीप गुडिया नदी के बीचों बीच फंसे व्यक्ति की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कंट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2025 में आपदा राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ ई कम्पनी अजमेर की रिजर्व पुलिस लाईन जिला ब्यावर में तैनात रेस्क्यू ई-04 के प्रभारी हैड कोनस्टेबल विमल कुमार को घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

चिकित्सकों की लापरवाही से बालक की मौत का आरोप

नदबई/भरतपुर, (निसं)। नदबई थाना क्षेत्र के झारकई गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ नदबई अस्पताल के चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ के द्वारा दर्ज कराए गए मामले को लेकर ग्रामीण बड़ी संख्या में आईजी, जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि नदबई के झारकई गांव में 21 अगस्त को 4 वर्षीय तेजस जाटव की मौत के बाद ग्रामीणों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया था। ग्रामीणों का दावा है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण तेजस की मौत हुई और उन्होंने इसकी मौत को मजाक बना दिया। इस घटना के बाद ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने मांग की कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाए और परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। गांव के आशीष पटेल के नेतृत्व में धरना चल रहा था। प्रशासन ने सभी मांगों को मानने का आश्वासन देते हुए कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद 27 अगस्त को गांव के ही हरिओम सक्सैना सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले घायल व्यक्ति को नदबई अस्पताल से भरतपुर आरबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टर भागचंद मीणा और अन्य स्टाफ ने गांव के व्यक्ति आशीष पटेल के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया है। झूठा मुकदमा दर्ज करने की वजह है कि 4 वर्षीय बालक की मौत को लेकर गांव के आशीष पटेल ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई थी। इसी के चलते राज कार्य में बड़ा और एस सी एक्ट में मामला दर्ज कराया है। जिसे लेकर के बड़ी संख्या में ग्रामीण, आईजी कैलाश चंद्र विश्नोई, जिला कलेक्टर कमर चौधरी और जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द से मुलाकात की और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही आशीष पटेल के खिलाफ दर्ज करते हुए झूठे मुकदमे के बारे में अवगत कराया। तीनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल बागड़े ने बाबा रामदेवजी की समाधि के दर्शन किये

पोकरण, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सोमवार को रामदेवरा पहुंचकर लोकदेवता बाबा रामदेवजी की समाधि के दर्शन किए एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इस दौरान राज्यपाल ने परिसर में स्थित जम्मा जागरण स्थल पर बाबा रामदेव की रिक्खियों का श्रवण भी किया।

इस अवसर पर बाबा रामदेव वंशज गादीपति भोमसिंह तंवर ने मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से राज्यपाल का साफा, दुपट्टा एवं बाबा रामदेवजी की तस्वीर भेंट कर पारंपरिक स्वागत किया गया। राज्यपाल ने बाबा रामदेवजी के आदर्शों और जनकल्याणकारी विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि बाबा रामदेव जी सामाजिक समरसता, समानता एवं सेवा के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा गरीबों, वंचितों और पीड़ितों के लिए कार्य किया। उनके सिद्धांत आज भी समाज को एक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने देशभर से रामदेवरा आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और श्रद्धा को अद्भुत बताया और प्रशासन द्वारा मेले में की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की। इस अवसर पर पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसाराम सैनी, उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामदेवरा में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने बाबा रामदेवजी की समाधि के दर्शन किए।

भर्तृहरि मेले में 108 एम्बुलेंस स्टाफ से पुलिस ने मारपीट की

मारपीट करने के विरोध में अलवर व खैरथल के एम्बुलेंसकर्मियों ने हड़ताल कर दी

अलवर, (निसं)। भर्तृहरि मेले में पुलिस के 108 एम्बुलेंस चालक से मारपीट करने के विरोध में अलवर व खैरथल के एम्बुलेंसकर्मियों ने सोमवार सुबह हड़ताल कर दी। सभी कर्मचारी एम्बुलेंस लेकर अलवर शहर के भवानी तोप पर पहुंच गए। यहां एम्बुलेंस खड़ी कर दी। मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की।

- सड़क पर एम्बुलेंस खड़ी कर स्टाफ ने प्रदर्शन किया, पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की

यूनियन के पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह और पायलट मुकेश यादव ने बताया कि 30 और 31 अगस्त को भर्तृहरि मेले में ड्यूटी के दौरान हॉर्न बजाने पर पायलट शीशराम और मुकेश यादव के साथ पुलिस ने मारपीट की थी। उनका कहना है कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित नहीं किया जाता। तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

एम्बुलेंस कर्मियों ने बताया कि प्रशासन के आदेश पर एम्बुलेंस मेले में लगाई गई थी। जब भी कोई इमरजेंसी हो तो काम आ सके, लेकिन पुलिसवालों ने हॉर्न बजाने पर एंबुलेंसकर्मी से मारपीट कर दी। इसके कारण सब कर्मचारियों में रोष है। इस हड़ताल से जिले की आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई है। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।